तापमान
अधिकतम 45 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 नगरी में सोनोग्राफी डॉक्टर की पदस्थापना एवं गट्टासिली में बैंक...





12 गंदगी के बीच जीने को मजबूर हैं हटकेशर हाउसिंग बोर्ड ...




## खबर संक्षेप

### झिरिया धोबी समाज की बैठक 24 को

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 24 मई को ग्राम पुरी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने बताया कि बैठक 10 बजे शुरू होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 12 जून तक

**धमतरी।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथि भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई है।

- 5 शहरों के 10 केंद्रों में होगी परीक्षा

विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 जून से 5 जून तथा 8 जून से 12 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रदेश के पांच शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के कुल 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 से 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

### कृषक को मिली ट्रैक्टर ऋण वितरण राशि

**मगरलोड।** राज्य शासन की उन्नत कृषक योजन के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा मगरलोड अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह द्वारा ट्रैक्टर ऋण वितरण राशि 8 लाख ग्राम रांकाडीह के उन्नतशील कृषक दिवाकर ठाकुर को प्रदान की गई।

ओडिशा से मध्यप्रदेश तक ट्रेस किए गए गुम मोबाइल

# पुलिस ने 151 गुम मोबाइल रिकवर कर उसके धारकों को लौटाए

**गुम मोबाइल वापसी अभियान के तहत अब तक 670 मोबाइल रिकवर**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी


पुलिस ने गुम मोबाइल वापसी अभियान के तहत 151 मोबाइल को रिकवर कर उसके स्वामियों को वापस कर उनके चेहरे की मुस्कान लौटाई है। इस अभियान के तहत पुलिस अब तक 670 से अधिक गुम मोबाइल उसके धारकों को सौंप चुकी है।

शुक्रवार को पुलिस लाइन रूद्री स्थित पुलिस कम्पोजिट बिल्डिंग में विशेष मोबाइल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जिलेभर से गुम हुए एवं पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता से खोजे गए 151 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि इन गुम मोबाइलों में से कुछ फोन ओडिशा एवं मध्यप्रदेश में इस्तेमाल किए जा रहे थे। उक्त मोबाइलों को धमतरी पुलिस की साइबर टीम द्वारा ट्रेस कर रिकवर कर उसके धारकों को वापस लौटाया। पुलिस पूर्व में भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए नवरात्रि में 108 सहित कुल 670 से अधिक गुम मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वापस कर चुकी है।

इस दौरान एसपी सूरज सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन की शुरूआत में दो दिन पहले गश्त ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए प्रधानआरक्षक विजय बैरागी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मोबाइल आज प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि मोबाइल गुम होने की पीड़ा को वे स्वयं भी समझते हैं। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने गुम मोबाइलों को खोजकर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस लौटाने की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व में धमतरी पुलिस आमजन के हित में लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक, साइबर ट्रेकिंग एवं बेहतर टीम वर्क के माध्यम से गुम मोबाइलों को खोजकर उनके स्वामियों तक पहुंचाने का कार्य सराहनीय एवं जनहितकारी है।

इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी साइबर भानुप्रताप चंद्राकर, गणमान्य नागरिक समेत रिकवर मोबाइल के हितग्राही उपस्थित थे।



### मोबाइल धारकों के चेहरे पर आई मुस्कान

गुम हुए मोबाइल को दोबारा वापस पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। ग्राम रांवा के सीताराम गजेन्द्र ने भावुक होकर बताया कि ग्राम कुर्रा के बाजार में वह प्याज खरीद रहा था। इसी दौरान उसकी जेब में रखा मोबाइल गायब हो गया। उसने मोबाइल के वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन पुलिस के प्रयास से वह मोबाइल वापस मिल गया। रायपुर से पहुंचे एक अन्य हितग्राही ने बताया कि धमतरी में मोबाइल गुम होने के बाद उन्होंने भी उसके मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। गुम मोबाइल मिलने पर उन्होंने पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आईपीएल सटोरिया हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

लिंक व मोबाइल एप के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में हार-जीत का दांव लगवाकर ऑनलाइन सट्टा का कारोबार चला रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



कोतवाली पुलिस ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस को गोलबाजार के पास मुखबिर से रेलवे स्टेशन के करीब एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल संचालित किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी संदीप मोटवानी उर्फ जागरा पिता जोधाराम उम्र 40 वर्ष आमापारा निवासी को ऑनलादन सट्टा खिलाते एवं हार-जीत का दांव लगवाते रंगेहाथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक ऑनलाइन लिंक एवं मोबाइल एप के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में हार-जीत का दांव लगवाकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहा था। आरोपी द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग किया जा रहा था। इसके अलावा मोबाइल एप के माध्यम से रूपए-पैसों का लेन-देन भी किया जा रहा था। आरोपी ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने एवं रकम के लेन-देन के लिए बैंकिंग एवं यूपीआई ट्रांजेक्शन संबंधित जानकारी प्राप्त की थी। आरोपी ने बताया कि उसने ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए संबंधित व्यक्ति के खाते में फोन-पे एवं यूपीआई माध्यम से कुल 49990 रूपए ट्रांसफर किए थे। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल कीमत 10 हजार जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी संदीप मोटवानी उर्फ जागरा को धारा 7-1 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।







# रात्रिकालीन क्रिकेट : शहीद कप 2026 का विजेता बना भैंसासांकरा

## शहीद निर्मल नेताम की स्मृति में हुई आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

डायमंड क्रिकेट क्लब दुगली, कौहाबाहरा, कोलियारी के संयुक्त तत्वावधान में शहीद निर्मल नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दूधिया रोशनी से आठ दिवसीय टेनिस बाल छत्तीसगढ़ पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। फाइनल मुकाबला बोड़रा बांधा जिला गरियाबंद और भैंसासांकरा जिला धमतरी के मध्य हुआ। हजारों की संख्या में दर्शकों मौजूद थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम एवं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने दुगली क्षेत्र के शहीद जवान निर्मल सिंह नेताम एवं स्व. जवान महेन्द्र नेताम की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शहीद कप 2028 टास की प्रक्रिया पूरी की। टॉस भैंसासांकरा के कप्तान ने जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम बोड़रा बांधा गरियाबंद ने बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 76 बनाए। जीत के लिए 77 रन की आवश्यकता थी। भैंसासांकरा ने चार ओवर चार गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। माखन 46 रन बनाए। मैनआफ द सीरीज माखन, बेस्ट बल्लेबाज एवं बेस्ट गेंदबाजी के लिए डगेन्द्र बोडरा बांधा को अवार्ड दिया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में युवाओं को खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी।





मौके पर अनवर रजा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, सजल नाग प्रदेश सचिव एनएसयूआई, कुलदीप साहू प्रदेश यूथ कांग्रेस, जितेन्द्र नेताम अध्यक्ष छग वन कर्मचारी संघ धमतरी, बंशीलाल सोरी पूर्व जनपद सदस्य, मोनिका मंडावी सरपंच कोलियारी, तुलसीराम मंडावी पूर्व सरपंच कोलियारी, रामेश्वर मरकाम सरपंच दुगली, पी.आर सलाम, रज्जू ध्रुव, डोमार नेताम, बीरेंद्र नेताम, श्यामलाल दुग्गा, अनूपचंद वट्टी, मोहन मरकाम, रमाकांत तिवारी, प्रियांशु मंडावी, नवीन मंडावी, भोजराज नेताम, दुर्गेश कुमार सोरी, भूषण मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब

**जीजामगांव।** जिले के अंतिम छोर में बसे कुरूद ब्लाक के ग्राम नवागांव कचना की बस्ती अंदर से गुजरने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब है। खराब सड़क के कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क पर गड्ढे बढ़ने, सड़क पर दरार आने और कई स्थानों पर बारिश होने पर घुटनों भर पानी जमा हो जाता है जिससे मोटरसाइकिल एवं वाहन असंतुलित हो रहे हैं। सड़क की हालत खराब होने के कारण कई बार दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। यह मार्ग दो जिलों को जोड़ने वाला है। यह दुर्ग एवं रायपुर जिला आने जाने का मार्ग है। लेकिन मार्ग के खराब होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से रोड की मरम्मत की मांग की है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिली ग्रेच्युटी राशि

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के सेवानिवृत कर्मचारियों को हाईकोर्ट बिलासपुर से ग्रेजुएटी राशि लेने का आदेश न्यायाधीश प्रतीम साहू ने दिया है। रोमनाथ साहू के खाते मे लगभग 5,68,000, प्यारेलाल सिन्हा 3 लाख, रामसेवक साहू 5,53,000, काशीराम साहू 1,43,000, अरमान खान 5,48,000, गोपाल साहू 5,75,000, कुल 26 लाख 27 हजार रुपये सेविंग खाता में समायोजित किया गया है। जिलाधीश एवं उपपंजीयक धमतरी ने हाईकोर्ट के आदेश के तहत कर्मचारियों को ग्रेजुएटी की राशि भुगतान कराया है। इस जीत में वकील सचिदा मांडवी की अहम भूमिका रही। ग्रेजुएटी राशि मिलने से जिले के समिति कर्मचारियों में काफी उत्साह है। बलदेवराम साहू, ओमकुमार सिरदार, लिलेश्वर साहू, योगेंद्र वर्मा, मुकेश साहू, मनोज साहू, जागेश्वर ने हर्ष जताया है। यह जानकारी नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी।

### फ्रीजर बना शोपीस, छात्र खरीदकर पानी पीने को मजबूर

# आईटीआई देवपुर में जलसंकट गहराया प्यास बुझाने होटल-दुकानों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ब्लॉक के एकमात्र शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देवपुर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं इन दिनों भीषण जलसंकट से जूझ रहे हैं। वनांचल और दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र से तकनीकी शिक्षा लेने आने वाले विद्यार्थियों को गर्मी के इस मौसम में पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कोई होटल और दुकानों में पानी मांगकर प्यास बुझा रहा है, तो कई छात्र-छात्राएं पास स्थित व्यवहार न्यायालय जाकर पानी पीने को मजबूर हैं।

हैरानी की बात यह है कि संस्थान में छात्रों की सुविधा के लिए वाटर फ्रीजर तो लगाया गया है, लेकिन उसमें पानी की आपूर्ति ही बंद पड़ी है। नतीजा यह है कि भीषण गर्मी में छात्र-छात्राएं या तो इधर-उधर भटक रहे हैं या फिर जेब खर्च से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। छात्र-छात्राएं अपनी समस्या खुलकर सामने रखने से डर रहे हैं। कई विद्यार्थियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से पत्रकारों तक अपनी पीड़ा पहुंचाई और लिखा आईटीआई में पानी की बहुत समस्या है, समाचार बना दो तब शायद हमारी समस्या दूर होगी। यह संदेश न केवल विद्यार्थियों की परेशानी, बल्कि व्यवस्था के प्रति उनके टूटते भरोसे को भी दर्शाता है।

जब इस संबंध में संस्थान के शिक्षकों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र में वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है। इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।






### बिगड़ सकती है तबीयत

शिक्षकों का कहना है कि नगरी पीएचई विभाग को लगातार अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। तकनीकी शिक्षा के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले विभागों की जमीनी हकीकत यह है कि छात्र-छात्राओं को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो तेज गर्मी में विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ने जैसी गंभीर स्थिति भी निर्मित हो सकती है।

### समस्या का जल्द निराकरण होगा

इस मामले में जब पीएचई विभाग की अधिकारी आशा लता गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि विभागीय स्टाफ को मौके पर भेजकर समस्या का जल्द निराकरण कराया जाएगा।

# छोटी-छोटी बातों में खत्म हो रही जिंदगी दो दिन में तीन मौतों से सहमा मगरलोड

- लगातार आत्महत्याओं ने झकझोरा मगरलोड थाना क्षेत्र, जागरूकता अभियान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मगरलोड थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 दिन में 3 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है । विगत दो दिन में तीन लोगों की आत्महत्या ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर युवा वर्ग में आत्महत्या के पीछे कारण क्या है और इसे कैसे रोका जा सकता है।

पहला मामला मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम कपालफोड़ी का है। रामलखन साहू पिता उमाशंकर साहू 17 वर्ष 11वीं कक्षा में पास आउट था। घटना 19 मई की सुबह की है। उनके दादाजी ने पढ़ाई लिखाई में ध्यान देने की समझाइश दी। रामलखन अपने पिताजी के साथ ट्रैक्टर में खेत में काम करने गया। दोपहर 2:30 बजे के आसपास वापस आया। घर परिवार के साथ खाना खाने नहीं बैठने पर परिजनों ने उनको आवाज दी। कोई जवाब नहीं आया तब परिजन उनके रूम में जाकर देखा तो रामलखन अपने रूम के छत में हुक के सहारे नायलान की प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी पर झूल रहा था। परिवार वालों ने घटना की जानकारी थाना मगरलोड को दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ 3:30 बजे कपालफोड़ी पहुंचे। डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गए। आत्महत्या का वास्तविक कारण क्या है। अभी पता नहीं चल पाया है।





दूसरा मामला करेली बड़ी चौकी अंतर्गत परेवाडीही गांव का है। मृतका गीता ध्रुव उम्र 42 वर्ष परेवाडीही निवासी अपने पति नंद कुमार ध्रुव के साथ ग्राम भेण्डरी के खोरबहरा साहू के खेत में ईंट बनाने का काम करती थी। गीता ध्रुव ने 19 मई की शाम को काम करने की जगह से महज 500 मीटर की दूरी पर बुधराम निषाद के खेत में बबूल पेड़ पर बिजली तार से फांसी लगा ली। घटना रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे के बीच की है । आत्महत्या का कारण शराब सेवन के साथ आपसी विवाद बताया जा रहा है।

तीसरा मामला 21 मई का है। चौकी बड़ी करेली अंतर्गत ग्राम परेवाडीही की तुलसी ध्रुव पति ददनू ध्रुव उम्र 43 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण विगत 5-6 माह से उनकी दिमागी हालत का ठीक नहीं होना बताया जा रहा है।

इस प्रकार विगत दो दिन में तीन लोगों की आत्महत्या क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। आखिर छोटी-छोटी बातों पर लोग अपने जीवन को क्यों समाप्त कर रहे हैं। इन छोटी समस्याओं का निदान कैसे हो सकता है। इसके लिए समाज और पुलिस को मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

# लीफ आर्टिस्ट ने राजीव गांधी की आकृति युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रधानमंत्री राजीव गांधी पुण्यतिथि पर लीफ आर्टिस्ट ने बरगद के पत्तों पर राजीव गांधी की आकृति बनाई और उस आर्ट को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा को भेंट किया। मौके पर जिला प्रभारी उमेश डोंगरे, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, मनोज साक्षी, दुर्गेश नंदिनी साहू, प्रेमांशु प्रजापति, आकाश नेताम ,सहजाद मेमन, सजल नाग, अरविंद यादव, चैतन्य साहू, राकेश नेताम, नटवर नेताम, चूड़ामणि सोम ,दुर्गेश समेत अन्य मौजूद थे।



### दावा-आपत्ति 30 मई तक

**धमतरी।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन कर मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी मॉडल उत्तर का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जारी मॉडल उत्तर के संबंध में यदि किसी विद्यार्थी को आपत्ति हो तो वह 30 मई तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं।

# विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

- आमदी विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम मुजगहन के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमदी विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री धीरेन्द्र ध्रुव से मिलकर विद्युत कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर चर्चा की। बताया कि बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। लो वोल्टेज एवं बार बार बिजली बंद होने के कारण आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहा है। बार-बार बिजली बंद और चालू होने के कारण टीवी, फ्रिज, कूलर खराब हो रहे हैं। कनिष्ठ यंत्री ने सुधार का आश्वासन दिया है। मौके पर पं. राजकुमार तिवारी, शिवशंकर साहू, खिलेश्वर साहू, देवेश साहू, ईश्वर सेन, विनोद साहू, भूमेश साहू, डेरहा यादव, होरीलाल साहू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।




### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भरत नाहर पिता मानकलाल नाहर जाति जैन निवासी भखारा जिला धमतरी के हक एवं स्वामित्व की भूमि जो कि ग्राम बेन्द्राचुवा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. मगरलोड जिला धमतरी में स्थित है तथा जिसका खसरा नंबर क्रमशः 198, 208/2, 210, 227, 257, 301, 320, 322, 328 रकबा क्रमशः 0.16 हे., 0.08 हे., 2.95 हे., 0.08 हे., 0.08 हे., 0.58 हे., 0.15 हे., 1.47 हे., 0.14 हे. कुल खसरा नंबर 09 कुल रकबा 5.69 हे. है जिसे क्रय करने की पक्की बातचीत कर ली गई मात्र पंजीयन कराया जाना शेष है।

यह कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सीमावर्ती भूमिस्वामी, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग को कोई भी आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, मियाद पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि को पाक साफ मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके पश्चात कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अतएव सूचना जाने।

दिनांक-22.05.2026

भवदीय
विशाल रणसिंह अधिवक्ता
मराठापारा धमतरी मो.नं. 98933 94654

### आम सूचना / ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मीनाक्षी साहू पति कैलाशचंद्र साहू पता जी.ई. 02 गोदावरी नगर कबीर किराना स्टोर्स के पास मोती नगर बोरियाखुर्द रायपुर छ.ग. पिन कोड 492013 का रहने वाला है जिन्होंने ग्राम भखारा, जिला धमतरी स्थित कृषि भूमि ख. नं. 777/13 का टुकड़ा 0.028 हे. **(102x30=3060 वर्गफीट)** भूमि जो भूमि स्वामी 1. मनीष कुमार जैन पिता नवरत्न जैन 2. शशि गड़िया पिता गोपाल साकिन अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर शामिलात खाता में राजस्व अभिलेख में दर्ज चली आ रही है। जो कि उक्त भूमि को मेरे उपरोक्त पक्षकार के द्वारा खरीदी बिक्री का पक्का सौदा कर, विक्रेतागण को दो गवाहों की उपस्थिति में पेटे/ बयाना राशि 50,000/- रू. (पचास हजार रूपये) नगद राशि अदा कर चुका है जिसकी अभिस्वाकृति विक्रेतागण करते है। मात्र पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उक्त भूमि के बिक्री/ रजिस्ट्री के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक शासकीय, अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या दावा हो तो दिनांक 29.05.2026 तक मुझ अधिवक्ता के पास या संबंधित राजस्व कोर्ट में दस्तावेज सहित स्वयं व अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। तिथि बाधित बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतएव सूचना जाने।

दिनांकः 22.05.2026

भवदीय
बलदाऊ राम साहू (अधिवक्ता)
सिविल कोर्ट कुरूद/
धमतरी,तह.कार्या.भखारा (छ.ग.)
मो. 9907955414


### युवा ले रहे फुटबॉल, एथलेटिक, कबड्डी का प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण एवं ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मई तक आयोजित किया गया है। फुटबॉल, एथलेटिक, कबड्डी एवं योगा का प्रशिक्षण व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू एवं तेजेश्वरी टंडन द्वारा दिया जा रहा है। आसपास के युवा बढ़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि आने वाले दिनों में महामैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए बच्चों को रोड रनिंग करवाई जा रही है ।

# साहू समाज की बैठक में कृषि नवाचार पर हुआ मंथन

- वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सामाजिक विकास, कृषि नवाचार और आर्थिक उन्नति को लेकर साहू समाज की बैठक हुई। बैठक में समाज की वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें कृषि आधारित परिवारों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक खेती से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि साहू समाज का लगभग 90 प्रतिशत वर्ग कृषि पर निर्भर है, इसलिए खेती-किसानी में नवाचार अपनाना आज की आवश्यकता है। पारंपरिक खेती के साथ जैविक खेती, आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग, जल संरक्षण और कृषि आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी विचार व्यक्त किए गए।

निर्णय लिया गया कि समाज के किसानों को अन्य विकसित कृषि क्षेत्रों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए 26 मई को विशेष कृषक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, नई फसल पद्धतियों और आधुनिक खेती के तरीकों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया जाएगा, ताकि वे अपने क्षेत्रों में भी इन्हें अपनाकर उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकें। बैठक में समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। सभी ने कृषि नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को जागरूक करने के प्रयासों का समर्थन किया।

### बेलरगांव बस स्टैंड में किया धरना-प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने बुलंद की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के नेतृत्व में बेलरगांव बस स्टैंड में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों तथा लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, सोना-चांदी एवं खाद्य सामग्रियों की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया तथा आमजन को महंगाई से हो रही परेशानियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा का बेलरगांव आगमन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं जोरदार नारों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम एवं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।




धरना-प्रदर्शन में दौवा देवांगन, मनोज साक्षी, नरेंद्र सोनवानी, राजा देवांगन, प्रेमांशु प्रजापति, प्रमोद कुंजाम, अख्तर खान, वेदराम साहू, आकाश नेताम, राजेंद्र ठाकुर, निर्मल पटेल, दुर्गेश कश्यप, रोशन साहू, मयंक ध्रुव, यशकरण पटेल, संत मरकाम, आत्मा सोरी, बिंदा नेताम, दुर्गेश नंदिनी, अनुसुइया साहू, अरविंद यादव, चैतन्य साहू, लक्ष्य तिवारी, गुलाब साहू, बीरबल नागरची एवं गोलू देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमांशु प्रजापति ने किया।


Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### स्थानीय बाजारों को मजबूत करना समय की जरूरत : राजा रोहरा



**धमतरी।** वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और बढ़ती महंगाई के बीच छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजा रोहरा ने स्थानीय बाजारों को मजबूत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती का आधार है। श्री रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा और विदेशी निर्भरता कम करने की बात कर रहे हैं। इन सुझावों का सीधा संबंध देश की अर्थव्यवस्था और स्थानीय व्यापार से जुड़ा हुआ है।

### 25 से ओपन स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य तथा अवसर परीक्षा अगस्त-सितंबर 2026 के लिए प्रवेश आवेदन प्रक्रिया 25 मई 2026 से प्रारंभ की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा से जुड़ नहीं पाए हैं अथवा अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं, उनके लिए छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल एक बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है। विद्यार्थी सामान्य शुल्क के साथ 25 मई से 30 जून तक प्रवेश आवेदन पत्र भर सकेंगे। वहीं निर्धारित तिथि के बाद भी आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ 3 जुलाई से 8 जुलाई तक आवेदन करने का अवसर मिलेगा।

### कमरे में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम चिनौरी में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लखनलाल कोड़ोपी (28 वर्ष) पिता स्व. कुबेर सिंह, निवासी ग्राम चिनौरी, शराब पीने का आदी था। बताया जा रहा है कि उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान

**कांकेर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान का आयोजन 18 से 25 मई तक जिले के पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कुल 07 विकासखंडों के जनजातीय बाहुल्य चिन्हांकित 552 ग्रामों में क्लस्टर स्तर शिविर का आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य प्राथमिकता के आधार पर आईईसी कैम्पेन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत जमीनी संपर्क, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, सिकलसेल परीक्षण, टीबी स्क्रीनिंग, सेवा संतृप्ति जैसे- आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, मातृ वंदन योजना, पोषण अभियान, जाति प्रमाण पत्र आदि सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर उनका समाधान करने तथा उपरोक्त जन भागीदारी अभियान अंतर्गत की गई समस्त गतिविधियों का प्रगति प्रतिवेदन तैयार कर आदि प्रसारण पोर्टल पर अपलोड करने निर्देशित किया गया है।

### क्लस्टर स्तरीय बस्तर मुन्ने शिविर की तिथियां निर्धारित

**सरोना।** जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत आयोजित होने वाले क्लस्टर स्तरीय बस्तर मुन्ने शिविर की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। इसके अनुसार 23 मई को मुसुरपुटटा, 25 को धनोरा, 26 को साल्हेभाट, 28 को करप तथा 29 मई को धनेसरा में क्लस्टर स्तरीय बस्तर मुन्ने शिविर लगाए जाएंगे। जून माह में 1 जून को जुनवानी, 2 जून को किशनपुरी, 3 जून को बिरनपुर एवं 4 जून को अमोड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सियान गुड़ी में बुजुर्गों ने बिताए आनंद और सम्मान के पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, सम्मान और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सियान गुड़ी (डे-केयर सेंटर) संचालित किया जा रहा है। यह केंद्र बुजुर्गों के लिए सामाजिक, मानसिक और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध करा रहा है, जहां उनके मनोरंजन, फिजियोथेरेपी और डिजिटल साक्षरता की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

सियान गुड़ी में फिजियोथेरेपी, परामर्श कक्ष, गेम जोन, ज्ञान कक्ष, विश्राम कक्ष और डिजिटल लर्निंग कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां प्रतिदिन वरिष्ठ नागरिक योग, शतरंज, कैरम सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेते हैं। शाम को सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिससे आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होता है।

**योग, भजन से गूंजा महात्मागांधी, गोकुलपुर वार्ड**





कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने ग्रुप डांस और एकल नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। एक महिला ने अंगारमोती माता का सेवा गीत प्रस्तुत किया। दोपहर भोजन के बाद बुजुर्गों ने टीवी देखकर और भजन-कीर्तन कर आनंदमय समय बिताया। पूरे आयोजन में बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और आत्मीयता की झलक दिखाई दी।

सियान गुड़ी में बुजुर्गों को सुरक्षित बैंकिंग और इंटरनेट उपयोग के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। दिनभर की गतिविधियों के बीच पौष्टिक एवं संतुलित भोजन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अन्नपूर्णा गजेंद्र, सचिव यंजुला सिन्हा सहित कार्यकर्ता शेषनारायण, दानवीर, संतोषी, दिव्यप्रकाश, दिव्या साहू, रूपेश, रुक्मणि, सती, लीलेश्वरी तथा माय भारत स्वयंसेवक संकेत कुमार, महिमा, संदीप, युवराज, सागर, टीलेश एवं लिखेंद्र उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 377 आवेदनों में से अधिकांश का निराकरण

# नगरी में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना गट्टासिली में बैंक खोलने सहित कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गट्टासिल्ली सहित बागरूमनाला, करैहा, गेदरा, आमदी, चिवरी, सराईटोला, गोविंदपुर, बटनहरा, झुझराकसा एवं घोटगांव सहित कुल 11 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में कुल 377 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 370 मांग संबंधी एवं 7 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल थे। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 341 मांगों एवं 5 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष 31 आवेदनों पर प्रक्रिया जारी है।

कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भोजराज ठाकुर, जनपद पंचायत नगरी के सभापति प्रेमसिंह सलाम, अनुविभागीय अधिकारी प्रीति दुर्गम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोझा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं से संबंधित सामग्रियों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने 7 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए, वहीं 3 हितग्राहियों को फूड बास्केट एवं 4 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को कुपोषण किट प्रदान की गई। शिक्षा विभाग ने 10 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए।

### ग्रामीणों ने दोबारा उठाई सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की मांग

शिविर में ग्रामीणों ने वर्ष 2025 में की गई लंबित मांगों को भी पुनः उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि भारतमाला परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। इस संबंध में पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण कंपनी को अवगत कराया गया था तथा पिछले सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य नहीं हो सका। ग्रामीणों ने इस बार पुनः आवेदन देकर सड़क सुधार की मांग की है।

### प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग

ग्राम पंचायत करैहा में हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में अआता निर्माण तथा स्वास्थ्य केंद्र में आईएमओ एवं सीएचओ पदस्थापना की मांग रखी गई। ग्राम पंचायत झुझराकसा में जन आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र एवं कमारपारा में आंगनबाड़ी केंद्र की मांग की गई। अर्जुनी से आमलीपारा चौक, आमलीपाड़ा से बासपानी तथा साकरा मोड़ से झुझराकसा तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

### गोविंदपुर में अहाता तथा नेगीनाला कमारपारा में बोर खनन की जरूरत

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के ग्रामीणों ने गट्टासिल्ली मुख्यालय में 108 एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने, नगरी मुख्यालय में सोनोग्राफी विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गोविंदपुर में अहाता निर्माण तथा नेगीनाला कमारपारा में बोरखनन की मांग रखी। गट्टासिली में राष्ट्रीय बैंक की प्रमुख मांग, गट्टासिल्ली से गुहाननाला मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने गांवों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा।

# वर्षों बाद किसानों को मिला लंबित मुआवजा



- बस्तर संभाग भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रभारी के प्रयास से बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अर्जुनी से भानपुरी रोड के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य के दौरान अधिग्रहित भूमि का मुआवजा वर्षों से लंबित होने के कारण किसान परेशान थे।

वर्ष 2016-17 में सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भानपुरी गांव के करीब 50 किसानों को लगभग 54 लाख रुपए का मुआवजा नहीं मिल पाया था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बस्तर संभाग भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रभारी हेमराज सोनी ने पहल करते हुए किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर लंबित मुआवजे का मामला प्रमुखता से उठाया। लगातार प्रयासों के बाद किसानों के मुआवजे की स्वीकृति मिली।

मुआवजा स्वीकृत होने पर किसानों और ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निवास पहुंचकर आभार जताया। इस दौरान सरपंच ईश्वर साहू, उपसरपंच खुमान साहू, पंच भोजराज साहू, सुंदर ध्रुव, देवानंद साहू, नोम सिंह साहू सहित कई किसान मौजूद रहे।

# चार रंगीन डिब्बों में देना होगा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी/धमतरी

नगर पंचायत आमदी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत स्रोत पृथक्करण एवं स्वच्छता जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एस डब्लू रूल्स 2026 पूर्ण रूप से लागू हो चुके हैं। इसके तहत अब प्रत्येक घर में चार अलग-अलग रंग के डिब्बों में कचरा देना अनिवार्य किया गया है।

हरा डिब्बा गीले कचरे, नीला सूखे कचरे, लाल स्वास्थ्यकर अपशिष्ट तथा बैंगनी विशेष देखभाल अपशिष्ट के लिए निर्धारित किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद एवं वार्ड सदस्यों कोलीड फेसिलिटेटर के रूप में नामित किया गया है। उन्हें अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को जागरूक कर अभियान से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है।



### मिश्रित कचरा देने पर लगेगा जुर्माना

नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि मिश्रित कचरा देने वालों पर पालूटर पेय प्रिंसिपल के तहत पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क लगाया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से स्वच्छता नियमों का पालन कर नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

### छात्राएं सीख रहीं मेहंदी, सिलाई व पेंटिंग

**मगरलोड।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुण्डी में छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुण्डी में अधीक्षिका हितेश्वरी नेताम के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन 10 अप्रैल से 16 मई तक किया गया है।

# पालकराम पुनः बने विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष



**सिर्री।** झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेके विश्वकर्मा रविवार को अपने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ धमतरी जिले क प्रवास पर रहे । दरअसल बिरेझर में झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज धमतरी की जिला स्तरीय बैठक रखी गई जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। जिले के दस परिक्षेत्र के अध्यक्षों ने पालक राम विश्वकर्मा का राज तिलक का पुनः जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। इस मौके पर लौह शिल्पकार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा, रायपुर अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, प्रवक्ता युगल किशोर विश्वकर्मा, महामंत्री छेदन विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा, तुलाराम विश्वकर्मा, अश्वनी विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा व धमतरी जिला अध्यक्ष पालक विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, तामेश्वर विश्वकर्मा, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, लुकेश विश्वकर्मा,भागी विश्वकर्मा समेत जिले के तमाम परिक्षेत्र के अध्यक्ष व रैयत मौजूद रहे।

# राजीव जी ने कंप्यूटर क्रांति की मजबूत नींव रखी

- दुगली में पूर्व प्रधानमंत्री को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत दुगली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश के विकास में उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव सहित ब्लॉक भानेन्द्र ठाकुर, निकेश ठाकुर, शिवकुमार परिहार, कमलेश मिश्रा, छोटू खान, जावेद मेमन, सोमनाथ नेताम, प्रमोद कुंजाम एवं मयंक ध्रुव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक लक्ष्मी धुव ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक युग की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति की मजबूत नींव रखी, जिसका लाभ आज देश का हर नागरिक प्राप्त कर रहा है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाकर ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं की नई सोच, ऊर्जा और आधुनिक भारत के सपनों के प्रतीक थे। शिक्षा, विज्ञान, संचार एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं एवं समाज को प्रेरित करते हैं। लोगों ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



## अंचल की खबरें

### विधायक को भेंट की बिलाईमाता की हस्तनिर्मित पेंटिंग



**अंवरी।** भखारा में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कुरूद के ख्यातिप्राप्त चित्रकार बसंत साहू द्वारा बनाई गई बिलाई माता की हस्तनिर्मित पेंटिंग विधायक अजय चंद्राकर को भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोक गायिका आरु साहू को भी विशेष रूप से चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में कला और संस्कृति के इस सम्मानपूर्ण क्षण ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद यदु, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति संविधान निर्मलकर सहित सभी जनप्रतिनिधि, कर्मचारी उपस्थित थे।

### वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन




**अंवरी।** भखारा नगर के वार्ड क्रमांक 11 में धनेश्वर साहू के घर से विजय बांधे घर होते हुए मोहित साहू घर तक लगभग 150 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन विदेशी राम साहू ने किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति पार्षद हितेंद्र साहू, छत्रपाल साहू, कमलेश साहू, लोकनाथ साहू, हीरू राम साहू, रामकृष्ण नेताम सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

### सेवा नियम में संशोधन की मांग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**पुरी(धमतरी)।** सुशासन तिहार के दौरान पहुंचे जिला प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष सेवा नियम संशोधन को लेकर मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि 50 प्रतिशत बैंक कैडर में विभागीय समिति कर्मचारियों की भर्ती की जाए। साथ ही सूखत की राशि समिति के कमीशन से काटने के बजाय मार्कफेड की कमीशन से काटने की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अतिरिक्त समितियों को 3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान देने की मांग भी रखी गई। सेवा नियम 2018 में संशोधन किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि समिति कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द आवश्यक निर्णय लिया जाना चाहिए।

### आयुक्त ने आमदी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा



**धमतरी।** निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने आमदी नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने अन्य विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक शुक्ला, पीडीएमसी इंजीनियर प्रियेश साहू तथा नीरज साहू उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती (लिपिक) के परिणाम घोषित

■ छग के 20 उम्मीदवारों को मिली सफलता

**धमतरी।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जनवरी माह में धमतरी (छत्तीसगढ़) में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर टेक्निकल पदों का परिणाम 16 मई को घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम में छत्तीसगढ़ के 20 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सफल अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 मई को प्रातः 9 बजे अपने मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) में उपस्थित हों। यह कार्यालय शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित है, जहां प्रारंभिक निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

### गरीब बुजुर्ग महिला की सेवा में जुटीं पूना गौतम



**धमतरी।** नागदेव महिला मंडल हटकेशर की अध्यक्ष पूना देवी गौतम इन दिनों गरीब और असहाय लोगों के लिए सहारा बनी हुई हैं। लालबगीचा निवासी पूना गौतम द्वारा एक बुजुर्ग महिला पार्वती ध्रुव की लगातार सेवा की जा रही है, जिसकी उम्र लगभग 90 से 95 वर्ष बताई जा रही है। पार्वती ध्रुव असहाय अवस्था में जीवनयापन कर रही हैं। ऐसे में पूना गौतम प्रतिदिन सुबह उन्हें चाय-नाश्ता और रोटी उपलब्ध कराती हैं। वहीं शाम के समय बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री भी उनके घर पहुंचाती हैं। समय-समय पर भोजन कराने के साथ ही पहनने के लिए वस्त्र भी उपलब्ध कराए गए हैं। बुजुर्ग महिला को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। इसे देखते हुए पूना गौतम प्रतिदिन उनके उपयोग के लिए पानी भी घर पहुंचा रही हैं। क्षेत्र के लोगों ने उनके इस मानवीय कार्य की सराहना की है।

### कन्या महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय बीए, बीकॉम एवं बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर मई-जून 2025-26 की विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ हुई। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे बीएससी एवं बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर की अंग्रेजी विषय की परीक्षा कम्युनिकेटिव इंग्लिश एंड सॉफ्ट स्किल के साथ सत्रांत परीक्षा हुई। इस पाली में महाविद्यालय की कुल 125 नियमित व स्वाध्यायी छात्राएं सम्मिलित हुईं। द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें बीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 88 छात्राएं सम्मिलित हुईं। दोनों पालियों में दर्ज कुल छात्रा संख्या में से एक-एक छात्रा अनुपस्थित रही। परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का प्रकरण नहीं बना। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने छात्राओं को परीक्षा समय-सारिणी का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करने, निर्धारित समय पर परीक्षा कक्ष में उपस्थित होने तथा परीक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय में द्वितीय सेमेस्टर की विश्वविद्यालयीन परीक्षा 25 जून से प्रारंभ होगी।

## निस्तारी पानी निकासी की सुविधा के बिना 14 एकड़ में बनाए गए हैं सैकड़ों आवास

# गंदगी के बीच जीने को मजबूर हैं हटकेशर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की प्रमुख कॉलोनियों में शुमार हटकेशर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अपनी दुर्दशा स्वयं बखान कर रही है। हाउसिंग बोर्ड ने यहां इंजीनियरिंग का गजब नमूना पेश किया है। करीब 14 एकड़ क्षेत्र में फैले सैकड़ों मकान वाली इस कॉलोनी के निर्माण में निस्तारी पानी निकासी का कोई साधन नहीं है। निजी जमीन मालिक द्वारा गंदा पानी अपने प्लांट में लेने से मना करने के बाद हाउसिंग बोर्ड के एक स्थान में जमा होने लगा है। इससे असहनीय बदबू आ रही है। कीड़े, मक्खियों से कॉलोनीवासी परेशान हैं। वह दिन दूर नहीं है, जब गंदा पानी कॉलोनी की सड़कों पर बहेगा। हाउसिंग बोर्ड हटकेशर निवासी मीना देवांगन, सविता राजपूत, संतोष साहू बताते हैं कि हाउसिंग बोर्ड ने हटकेशर में करीब 400 आवास बनाए हैं, लेकिन इतने सारे मकानों से निकलने वाले निस्तारी पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है। यहां का पूरा गंदा पानी आसपास के निजी प्लाट में जमा होता था। अब निजी प्लाट मालिकों ने गंदा पानी लेने से मना कर दिया है। गंदा पानी कॉलोनी में स्टाक हो रहा है। वहीं असहनीय बदबू से जीना हराम हो गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस समस्या का तुरंत निराकरण नहीं किया गया तो वे हाउसिंग बोर्ड कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।



### निगम बनाएगा पानी निकासी का साधन : संपदा अधिकारी

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के संपदाधिकारी महेंद्र नरेटी ने बताया कि निगम द्वारा मेन नाली का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर तथा आयुक्त से मुलाकात कर इस समस्या की जानकारी दी गई है। जहां पर पानी जमा हो रहा है, उसे मोटरपंप से फेंका जा रहा है। पानी निकासी की समस्या का शीघ्र समाधान होगा।

### हाउसिंग बोर्ड ने निगम में नहीं कराया है नियमितीकरण



नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने बताया कि हटकेशर हाउसिंग बोर्ड का निगम में नियमितीकरण नहीं हुआ है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को निगम को सौंपता है तो बोर्ड को निगम में करीब 1.50 करोड की राशि जमा करनी पड़ेगी। कॉलोनी को निगम को सौंपने पर नाली सहित सभी मूलभूत सुविधाएं निगम उपलब्ध कराएगा।

## 50% से कम रिजल्ट वाले स्कूलों पर सख्ती, सुधार की तैयारी

■ बोर्ड रिजल्ट सुधारने एक्शन मोड में शिक्षा विभाग, डिजिटल लर्निंग और मॉनिटरिंग पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों को लेकर शिक्षा विभाग ने गंभीरता से समीक्षा प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने संकेत दिए हैं कि जिन स्कूलों का परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा है, उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में परिणामों में कुछ सुधार दर्ज किया गया है, लेकिन अपेक्षित लक्ष्य हासिल नहीं हो सका है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में धमतरी जिला प्रदेश स्तर पर 23वें स्थान पर और 12वीं में 17वें स्थान पर रहा, जिससे शिक्षा गुणवत्ता को और बेहतर करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

जिला शिक्षा विभाग अब स्कूलवार समीक्षा कर जिम्मेदारी तय करने की दिशा में काम कर रहा है। उन विद्यालयों की पहचान की जा रही है जहां लगातार परिणाम कमजोर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस बार जवाबदेही प्रणाली को और मजबूत किया जाएगा ताकि शैक्षणिक स्तर में सुधार लाया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी सत्र में पढ़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए नए शैक्षणिक मॉडल पर काम किया जा रहा है। इसके तहत विद्यार्थियों को उनकी क्षमता के अनुसार कमजोर, मध्यम और मेधावी वर्ग में विभाजित कर विशेष अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके साथ ही 9वीं और 11वीं कक्षाओं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए यूट्यूब आधारित वीडियो कंटेंट, प्रश्न बैंक और नियमित अभ्यास मॉड्यूल से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इससे छात्रों को बेहतर समझ और तैयारी में मदद मिलेगी।

शिक्षा विभाग का उद्देश्य केवल परिणाम सुधारना नहीं, बल्कि सीखने की गुणवत्ता को भी मजबूत करना है। अधिकारियों का मानना है कि निरंतर मॉनिटरिंग, विषयवार मार्गदर्शन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग से आने वाले वर्षों में जिले का प्रदर्शन बेहतर होगा।

जिले में शिक्षा सुधार की यह नई पहल भविष्य में विद्यार्थियों के लिए अधिक अवसर और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## भाजपा परिवारवाद की जगह राष्ट्रवाद को प्राथमिकता देती है : किरण देव

■ भाजपा का जिला प्रशिक्षण महाअभियान बालोद में शुरू, प्रशिक्षण 12 सत्रों में 2 दिन चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान शुक्रवार को बालोद के माहेश्वरी समाज भवन में शुरू हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ साथ विश्व की सर्वाधिक अनुशासित पार्टी भी है। भाजपा एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो विचारधारा से संचालित होती है। परिवारवाद के स्थान पर राष्ट्रवाद इस दल की प्राथमिकता है।

भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए श्यामप्रसाद मुखर्जी ने इस दल की नींव रखी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को अपना लक्ष्य मानते हुए हमारी सरकारें काम कर रही है। पार्टी जहां एक ओर परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को विशेष महत्व देती है वहीं इसमें आधुनिक तकनीक और युवा सोच को भी उतनी ही व्यापकता के साथ अपने अंदर समाहित करती है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ही कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व निर्माण करना है, सभी को इस महत्वपूर्ण अवसर भरपूर लाभ उठाना चाहिए। यह प्रशिक्षण 12 अलग-अलग सत्रों में 2 दिन तक चलेगा। वर्ग नियंत्रक शशि पवार ने कहा कि समस्त कार्यक्रम पार्टी द्वारा निर्धारित उच्चतम मानकों के अनुरूप होगी, इसके लिए प्रयासरत हैं।

मौके पर प्रशिक्षण महाअभियान के जिला प्रभारी आलोक ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल सहित पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रकोष्ठ के जिला संयोजक तथा मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित थे। यह जानकारी उमेश साहू जिला भाजपा मीडिया प्रभारी ने दी।





### प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है

प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने कहा कि प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, संगठन के सुचारू संचालन के लिए एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए एक सफल कार्यपद्धति की आवश्यकता होती है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अवधेश जैन ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान को परिभाषित करते हुए कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय, व्यक्ति अंतिम की सोच के साथ काम करती है।

### भाजपा की सभी योजनाएं दीनदयाल जी के अंत्योदय से प्रभावित

प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने केंद्र और राज्य की प्रमुख गरीब कल्याण योजनाओं को विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कहा कि भाजपा सरकार की सभी योजनाएं दीनदयाल जी के अंत्योदय से प्रभावित है और 140 करोड़ देशवासियों को लक्ष्य मानकर बनाई गई है।

## कलेक्टर ने लगाई बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों की ड्यूटी

■ जिला और तहसील स्तर पर 1 जून से स्थापित होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के आदेश अनुसार जिला और तहसील स्तर पर 1 जून से बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-08 स्थित जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07722-232249 है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी.डी.एक्का को नोडल अधिकारी और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा कन्हैयालाल भोई को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा तहसील स्तर पर 1 जून से स्थापित होने वाले नियंत्रण कक्ष के लिए में संबंधित तहसीलदारों को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। धमतरी तहसील स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07722-240638, कुरूद का 07705-223381, भखारा का 96309-63635, मगरलोड का 89595-35346, नगरी का 07700-251398, कुकरेल का 98980-18731 और बेलरगांव तहसील स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 93027-99980 है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## जिले में 5 जून को होंगी विशेष ग्राम सभाएं

■ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर धमतरी जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन करना और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी, कुरूद एवं नगरी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देशों में कहा है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छ एवं सतत ग्राम विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित विशेष ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं में नियमों के संबंध में प्रस्ताव एवं संकल्प पारित किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से की जाए तथा उसे ग्राम सभा निर्णय मोबाइल एप में अपलोड किया जाए। इसके साथ ही भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित एआई आधारित नवीन पोर्टल सभासार का उपयोग करते हुए ग्राम सभा की कार्यवाही विवरण तैयार किया जाएगा।

## बैज का बयान विकृत और महिला विरोधी : रूपकुमारी



**धमतरी।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे और वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के संदर्भ में दिए गए अमर्यादित, ओछे और अत्यन्त आपत्तिजनक बयान की कटुतम शब्दों में निंदा की है। श्री बैज का यह बयान न केवल उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाता है, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी की विकृत और महिला विरोधी सोच का भी जीता-जागता सबूत है।

श्रीमती चौधरी ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का इटली दौरा वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव और कूटनीतिक मजबूती का प्रतीक है। ऐसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वहां सोशल मीडिया पर सहजता से बनी एक रील (मेलोनी-मेलोडी) को लेकर बैज द्वारा हनीमून जैसा शर्मनाक शब्द प्रयोग करना बेहद घृणास्पद है। यह टिप्पणी देश के सर्वोच्च पद की गरिमा और एक विदेशी महिला राष्ट्रप्रमुख के सम्मान पर सीधा आघात है। श्रीमती चौधरी ने मांग की है कि बैज अपने इस अमर्यादित और अभद्र बयान के लिए देश की जनता, छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों और प्रधानमंत्री से सार्वजनिक रूप से तुरंत माफी मांगें।








नियम एवं शर्तें:- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740